प्रेसनोट थाना कमलानगर जनपद आगरा।

थाना कमलानगर पुलिस टीम द्वारा रू0 20,000/– के इनामी अभियुक्त को अवैध नशीला पदार्थ 200 ग्राम डायजापाम सहित किया गया गिरफ्तार....

जनपद में चोरी, लूट, डकैती आदि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं वांछित/इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा श्री मुनीराज जी. के आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी हरीपर्वत के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कमलानगर को टीम गठित करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में दिनांक 15.07.2021 को गठित पुलिस टीम, तलाश वांछित अभियुक्त व चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन हेतु थाना क्षेत्र में व्यस्त थी, इस दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मु0अ0सं0 75/20 धारा 302 भादवि थाना खैरागढ़ से रू0 20,000/– का इनामी वांछित अभियुक्त कुबेर उर्फ भण्डारी इस समय वाटर वर्क्स के पास कहीं जाने के लिए खड़ा हुआ है, जिसके पास नशीला पदार्थ भी है, यदि जल्दी की जाये तो गिरफ्तार किया जा सकता है।

पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही :–

इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए बताये स्थान वाटर वर्क्स पर पहुंच एक बारगी दबिश देते हुए घेर घोट कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से अवैध नशीला पदार्थ 200 ग्राम डायजापाम बरामद हुआ। इस सम्बन्ध में थाना कमलानगर पर मु0अ0सं0 167/21 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

विशेष :– श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा दिनांक 09.06.2021 को अभियुक्त कुबेर उर्फ भण्डारी पर रू0 20,000/– का इनाम घोषित किया गया था।

➢ गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :–

01. कुबेर उर्फ भण्डारी पुत्र स्व0 शंकर सिंह नि0 उस्मानपुर थाना खंदौली जनपद आगरा।

➢ बरामदगी का विवरण :–

01. अवैध नशीला पदार्थ 200 ग्राम डायजापाम।

➢ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण :–

01. प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र शर्मा थाना कमलानगर जनपद आगरा।
02. निरीक्षक श्री नरेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस टीम जनपद आगरा।
03. उ0नि0 अरूण कुमार थाना कमलानगर जनपद आगरा।
04. हे0का0 आदेश त्रिपाठी, हे0का0 करनवीर, का0 अजीत कुमार व का0 राजकुमार सर्विलांस टीम जनपद आगरा।
05. का0 राजीव कुमार, का0 रूपेश कुमार, का0 सुरजीत थाना कमलानगर जनपद आगरा।

मीडिया सेल जनपद आगरा।